3. यह है कि अधिनस्थ न्यायालय ने अपीलान्ट को सुनवायी का अवसर नहीं दिया गया, बिंना सुनवायी किये निर्णय प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तों के विपरीत है। उक्त पारित किया गया निर्णय मनतथ्यों एवं कयास के आधारों पर आधारित होने से निरस्तनीय है।
4. यह है कि अधिनस्थ न्यायालय ने अपीलान्ट की अनुपस्थिति में निर्णय पारित किया है तथा अपीलान्ट के विरूद्व एक तरफा निर्णय गलत पारित किया है। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय कानून एवं न्याय के सिद्वान्तों के विरूद्व होने से निरस्तनीय है।
5. यह है कि प्रार्थी का उपरोक्त भूमि पर बुजुर्गान के समय से यानि सैकडों सालों से काबिज है तथा पक्के मकान बना रखे हैं तथा परिवार सहित निवास कर रहे हैं। उपरोक्त जमीन आबादी की जमीन है तथा आस–पास काफी मकान बने हुये हैं जबकि पटवारी हल्का ने मौके की गलत रिपोर्ट अंकित कर गैर.मु. पहाड की भूमि बताकर कच्ची झोपडी व तार बंदी कर अतिक्रमण बताया है। इसलिए आदेश 18/9/2019 निरस्तनीय है ।
6. यह है कि अपीलान्ट का पुराना कब्जा है तो पटवारी हल्का ने अपनी रिपोर्ट में अंकित नहीं किया। अपीलान्ट का पुराना कब्जा होने से धारा 91 की कार्यवाही सर्वोच्य न्यायालय के निर्णय अनुसार नहीं की जा सकती है। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय 18/9/2019 जैर अपील निरस्तनीय है।
7. यह है कि माननीय अधिनस्थ न्यायालय ने अपीलान्ट के सद्भावना पूर्वक कब्जे के तथ्य के विवाद पर भी गौर नहीं किया है। इसलिए माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार धारा 91 लैण्ड रैवन्यु एक्ट की कार्यवाही नहीं की जा सकती। माननीय अधिनस्थ न्यायालय माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना नहीं करने में अहम कानूनी गलती की है। इसलिए निर्णय 18/9/2019 निरस्तनीय है।
8. यह है कि धारा 91 राजस्थान लैण्ड रैवन्यु एक्ट के तहत् भूमि से बेदखल नहीं कर सकते तथा धारा 183 राजस्थान टीनेन्सी एक्ट के तहत् बेदखली की कार्यवाही की जा सकती है। माननीय उच्च न्यायालय के प्रतिपादित सिद्वान्त की अधिनस्थ न्यायालय ने पालना नहीं की है। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय 18/9/2019 निरस्तनीय है।
9. यह है कि ग्राम भाबरू ने कोरम की मिटिंग में दिनांक 11/01/2019 को उपरोक्त खसरा नम्बर 1126 बाबत उपखण्ड अधिकारी विराटनगर को लिखा कि यह जमीन को आबादी में कनवर्ट की जावें। चारों तरफ आबादी बसी हुयी है। इससे भी बखूबी साबित है कि यह भूमि आबादी की है। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय 18/9/2019 निरस्तनीय है।
10. यह है कि पटवारी हल्का ने कार्यालय में बैठकर ही रिपोर्ट तैयार की है। मौके पर जाकर पटवारी हल्का ने किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की है एवं सीमाज्ञान भी नहीं किया है ना ही मौके की नपत की है। पटवारी हल्का द्वारा इस बाबत अधिनस्थ न्यायालय के समक्ष कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं हुयी । इसलिए अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय 18/9/2019 जैर अपील निरस्तनीय है।
11. यह है कि पटवारी हल्का कभी भी मौके पर नहीं गया ना ही मौके पर उसने भूमि का नाप जोख किया ना ही सीमाज्ञान कराया मात्र कयास के आधार पर कार्यालय में बैठकर झुठी रिपोर्ट पेश की है। इस प्रकार अधिनस्थ न्यायालय पटवारी हल्का की झूठी रिपोर्ट के आधार

